# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## मां बोली– बरेली जाने की बात कहकर निकला था





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** गृह कलह से परेशान युवक ने आम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्राचीन दुर्गा माता मंदिर के निकट नहर किनारे अफजलगढ़ निवासी आनंदवीर रस्तोगी का आम का बाग है। जिसे रेहड़ निवासी शमीम शाह, शमीम मंसूरी और अबरार बेग ने ठेके पर ले रखा है। आज दोपहर लगभग साढ़े ग्यारह बजे बाग ठेकेदार शमीम शाह, शमीम मंसूरी और अबरार बेग आम के बाग में पहुंचे, तो उन्होंने एक युवक को आम के पेड़ में रस्सी के फंदे पर लटके हुए देखा। बाग ठेकेदारों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर थाना अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, उप निरीक्षक भीम सिंह, सोनू कुमार आदि पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल की जांच पड़ताल की। जांच के दौरान मृतक की शिनाख्त 20 वर्षीय बंटी कुमार पाल पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी रेहड़ के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी। थोड़ी ही देर में घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर एएसपी पूर्वी, सीओ आलोक कुमार और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। मृतक की मां सीमा देवी ने बताया कि मृतक बंटी कुमार पाल आज सुबह लगभग सुबह करीब पांच बजे बरेली जाने की बात कहकर घर से निकला था। मृतक काशीपुर स्थित एक पेपर मिल में नौकरी करता था तथा पांच भाई–बहनों में सबसे छोटा था। मृतक के पिता धर्मपाल सिंह बीमार हैं। मृतक का बड़ा भाई जोगेंद्र सिंह आज सुबह लगभग 4:30 बजे उन्हें एम्स में भर्ती कराने के लिए ऋषिकेश ले गया था। इसी दौरान यह घटना हो गई। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बालकिशनपुर में आग से ग्रामीणों का नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** अचानक भीषण आग ने कई ग्रामीणों की संपत्ति को चंद मिनटों में राख कर दिया। आग ने तेजी से फैलते हुए लकड़ी के ढेर और बिटोरों को अपनी चपेट में ले लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बालकिशनपुर निवासी गुलाब सिंह का एक बिटोरा लकड़ी, नरेश का एक बिटोरा तथा प्रेम सिंह और चंदन सिंह की लकड़ी और बिटोरे पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। इस आगजनी से सभी प्रभावित परिवारों को मिलाकर हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही शेरकोट पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। ग्रामीणों ने तुरंत बाल्टियों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेजी से फैल गई कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया।

बताया जा रहा है कि करीब एक घंटे तक अलग–अलग स्थानों पर रखे बिटोरे जलते रहे। रास्ता संकरा होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ियां समय पर मौके तक नहीं पहुंच सकीं, जिससे नुकसान और अधिक बढ़ गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

## एक नजर

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मशा नंगली में घर के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पीड़ित गौतम सिंह के अनुसार 8 अप्रैल की रात उनकी बाइक गायब मिली। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एसआई अजीत कुमार कर रहे हैं।

### बाइक खंभे से टकराई, महिला गंभीर

**नगीना।** बढ़ापुर मार्ग पर आज शाम एक बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार 24 वर्षीय राखी निवासी ग्राम बहुपुरा, किरतपुर गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पालिका में जनगणना प्रशिक्षण का शुभारंभ



**नजीबाबाद।** नगर पालिका कार्यालय सभागार में जनगणना जिला प्रभारी जेपी यादव व पालिका ईओ मुक्ता सिंह ने जनगणना–2027 प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तीन दिवसीय प्रगणक व पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर ट्रेनर अमरेंद्र व राधेयाम ने जनगणना का प्रशिक्षण देते हुए पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में सूचीकरण एवं मकानों की गणना होगी। इस मौके पर पालिका के राजस्व निरीक्षक, सहायक जनगणना अधिकारी विपिन चौहान, इनाम अली, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

### श्रम विभाग की कमान संभालेंगे जुनैद

**नगीना।** नगर निवासी आईएएस जुनैद अहमद को प्रदेश सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए अपर श्रम आयुक्त, कानपुर नगर के पद पर नियुक्त किया है। अब तक झांसी में मुख्य विकास अधिकारी के रूप में अपनी धाक जमाने वाले जुनैद अहमद अब औद्योगिक राजधानी कानपुर में श्रम विभाग की कमान संभालेंगे। यूपीएससी 2018 में तीसरी रैंक हासिल करने वाले जुनैद की यह नई पोस्टिंग उनके समर्पण का इनाम मानी जा रही है। यह खबर मिलते ही उनके गृहनगर नगीना में बधाइयों का तांता लग गया है। लोग इसे 'नगीना के गौरव' की एक और बड़ी छलांग बता रहे हैं। यह नियुक्ति न केवल जुनैद अहमद के बढ़ते प्रशासनिक कद को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का नया अध्याय भी है।

### दुकान से नोटों के हार चोरी



**नजीबाबाद।** चौक बाजार स्थित हरिओम वैरायटी स्टोर को निशाना बनाते हुए 19/20 अप्रैल की रात चोरों ने गल्ले से नकदी एवं नोटों के हार चोरी कर लिए। छत के रास्ते चढ़कर चोरों ने जीने की लोहे की जाली काटकर घटना को अंजाम दिया। आज सुबह जब रोज की तरह हरिओम और शुभम अग्रवाल दुकान पर पहुंचे, तो दुकान का सामान बिखरा पड़ा था। गल्ले में रखी नकदी और शादी में इस्तेमाल होने वाले गजरो के नोट चोरी हो चुके थे। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी और थाना प्रभारी अमित कुमार, चौकी प्रभारी विनोद कुमार पांडे, एसआई कय्यूम अली मौके पर पहुंचे। सीओ के अनुसार दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की जा रही है। घटनास्थल का निरीक्षण करने एसपी सिटी कृष्ण गोपाल सिंह पहुंचे और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिए।

### बिजनौर में फरदीन गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने पोलो ऐप के चक्कर में विरेंद्र भटनागर निवासी मौहल्ला शाहशीरीं को लूटने के आरोपी फरदीन पुत्र लियाकत निवासी मौहल्ला काजीपाड़ा को गिरफ्तार कर उससे 7500 रुपए की नकदी बरामद की है।

# बैराज तटबंध क्षति, एक्सईएन समेत तीन अधिकारी अटैच

**गंगा बैराज खंड–5 से जुड़े अधिकारियों पर कार्रवाई**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गंगा बैराज के रावली तटबंध क्षतिग्रस्त होने के मामले में शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। गंगा बैराज खंड–5 से जुड़े एक्सईएन, एई और जेई को तत्काल प्रभाव से दूसरे कार्यालयों में अटैच कर दिया गया है। इस कार्रवाई से सिंचाई विभाग में हड़कंप मच गया है।

यह मामला सितंबर 2025 का है, जब गंगा बैराज का रावली तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया था। इससे बिजनौर समेत 20 से अधिक गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा था।

तटबंध को टूटने से बचाने के लिए शासन और प्रशासन के कई अधिकारियों ने मौके का दौरा किया था। भारी मशीनरी की मदद से काफी मशक्कत के बाद तटबंध को टूटने से बचाया जा सका था।

इस पूरे मामले में अब शासन ने कार्रवाई करते हुए गंगा बैराज के एक्सईएन बृजेश मौर्य को लखनऊ कार्यालय से संबद्ध किया है। वहीं, एई/एसडीओ अमित चौधरी को चीफ कार्यालय अलीगढ़ और जेई अंकित चौधरी को मुरादाबाद एचई कार्यालय में अटैच किया गया है। तीनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से उनके वर्तमान कार्यस्थल से हटा दिया गया है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी तटबंध का निरीक्षण किया था और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। करीब 20 दिनों तक चीफ, एसई और 10 से अधिक एक्सईएन की देखरेख में तटबंध पर मरम्मत कार्य चला था।

शासन ने गंगा बैराज खंड–5 का प्रभार ताज बैराज आगरा के एक्सईएन केपी सिंह को सौंपा है। केपी सिंह अब ताज बैराज आगरा के साथ–साथ गंगा बैराज खंड–5 बिजनौर से जुड़े कार्यों की भी जिम्मेदारी संभालेंगे।

# अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह संपन्न

## पेट्रोल पंप, शुगर मिल और ग्रामों में चला अभियान, मॉक ड्रिल भी आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का आज समापन हो गया। इस दौरान अग्निशमन टीम ने तहसील के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें पेट्रोल पंप, शुगर मिल और ग्रामीण क्षेत्र शामिल थे।

यह अभियान 14 अप्रैल से शुरू होकर 20 अप्रैल तक चला। महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ के आदेश और जनपद बिजनौर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर प्रभारी अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद के.एस. जादौन के नेतृत्व में इसे संचालित किया गया।

इस वर्ष की थीम 'सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक समाज–आग की रोकथाम के लिए एक साथ' रखी गई थी। अभियान के तहत बहुखंडीय भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और सभागारों में अग्नि निवारण, जीवन रक्षा एवं अग्निशमन व्यवस्थाओं की जांच के साथ मॉक ड्रिल भी आयोजित की गई। समापन दिवस पर अग्निशमन टीम ने बाला जी फिलिंग स्टेशन चंदक रोड सोफतपुर, उत्तम शुगर मिल ग्राम बरकातपुर, ग्राम बीतरा, थाना नांगल और उत्तम शुगर मिल डिस्ट्रिलिरी डिवीजन ग्राम बरक. ातपुर में विशेष अभियान चलाया।

टीम ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों और ग्रामीणों को अग्निशमन उपकरण चलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी का संदेश 'आग से सतर्क रहें, जीवन को सुरक्षित करें' भी साझा किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश अग्नि दुर्घटनाएं छोटी लापरवाही के कारण होती हैं, जिन्हें समय पर सतर्कता बरतकर टाला जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान आग से बचाव संबंधी पम्पलेट भी वितरित किए गए। अग्निशमन विभाग ने बताया कि सप्ताह भर चले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों, पेट्रोल पंपों और ग्रामीण क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच करना और लोगों को आपात स्थिति के लिए तैयार करना था।

# गंगा एक्सप्रेस–वे का स्थान बदलने का विरोध, उपजाऊ भूमि बचाने की मांग

**किसानों का जोरदार प्रदर्शन**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज दर्जनों किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने सीएम के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, जिसमें गंगा एक्सप्रेसवे को उसी स्थान से निकालने की मांग की गई, जहां से सीएम ने इसकी घोषणा की थी। किसानों ने एक्सप्रेसवे के अन्य प्रस्तावित स्थान से निकाले जाने का विरोध किया।

किसानों का कहना है कि बिजनौर तहसील के कई ग्राम जैसे पेदा, मिर्जापुर पूरन, नौआबाद, इस्माईलपुर की नंगली, चौकपुरी, नसीरी, कच्छपुरा, नयागांव, अलीपुर माखन और गजरौला अचपल से पहले ही मेरठ–पौड़ी राजमार्ग, बिजनौर– नगीना बाईपास और गोरखपुर–शामली एक्सप्रेसवे जैसे कई मार्ग गुजर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेसवे इन गांवों की उपजाऊ और महंगी कृषि भूमि से होकर गुजरने वाला है। इससे सीमांत किसानों की आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा और वे भूमिहीन हो सकते हैं।

किसानों ने सुझाव दिया कि गंगा एक्सप्रेसवे को गंगा नदी के किनारे से निकाला जाए। उनका तर्क है कि गंगा नदी के पास सैकड़ों हेक्टेयर सरकारी भूमि मुफ्त में उपलब्ध है। इस मार्ग से एक्सप्रेस वे दारानगर गंज, जहानाबाद से होता हुआ बालावाली, नांगल सोती से हरिद्वार तक जोड़ा जा सकता है।

इस वैकल्पिक मार्ग से न केवल सरकार को महंगी जमीन नहीं खरीदनी पड़ेगी, बल्कि गंगा नदी में हर साल आने वाली बाढ़ से प्रभावित किसानों को भी राहत मिलेगी। किसानों ने यह भी कहा कि इससे कृषि योग्य भूमि के संरक्षण के लिए सरकार की योजनाओं को भी बल मिलेगा।

ज्ञापन में सीएम से गंगा एक्सप्रेसवे का पुन: सर्वे गंगा नदी के समीप से कराने के आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो उन्हें आंदोलन करने के लिए विवश होना पड़ेगा। इस प्रदर्शन के दौरान सत्यपाल, योगेंद्र सिंह, संजय कुमार, अवनीश कुमार, गुलशेर और राजेंद्र सिंह सहित कई किसान मौजूद थे।

# नगीना को जनपद बनाए जाने के लिए पूर्व जज मनोज ने सीएम को लिखा पत्र



**जनहित में इस मांग को पूरा करना जरुरी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व जज एवं नगीना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मनोज कुमार ने नगीना को अलग जनपद बनाए जाने की मांग की है। इस सम्बंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व जज मनोज कुमार ने सीएम को लिखे पत्र में कहा है कि बढ़ापुर, नजीबाबाद, धामपुर, नहटौर एवं नूरपुर क्षेत्र को सम्मलित करते हुए जनहित में नगीना को नया जनपद बनाया जाए। पत्र में उन्होंने कहा है कि प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं औद्योगिक विरासत में नगीना एक अत्यंत महत्वपूर्ण और विशिष्ट स्थान रखता है। विश्व प्रसिद्ध काष्ठ कला के कारण नगीना न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाता है। यहां के शिल्पकारों की कला अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर सराही जाती है। जिससे प्रदेश के पहचान वैश्विक मंच पर सुदृढ़ होती है। लेकिन इतनी समृद्ध विरासत और आर्थिक क्षमता बावजूद यह क्षेत्र आज भी अपनी मूलभूत प्रशासनिक, सामाजिक और विकासात्मक आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहा है। वर्तमान में बिजनौर जनपद का भौगोलिक विस्तार अत्यधिक विशाल होने के कारण नगीना सहित बढ़ापुर, अफजलगढ़, नजीबाबाद, धामपुर, नहटौर एवं नूरपुर जैसे महत्वपूर्ण कस्बों और क्षेत्रों के निवासियों को जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए लंबी समय साध्य और कई बार अत्यंत कष्टदायक यात्रा करनी पड़ती है। यह दूरी केवल भौगोलिक ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक असुविधा का भी प्रतीक बन चुकी है। आम नागरिकों को अपने दैनिक प्रशासनिक कार्यों व सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अनावश्यक रूप से समय और धन दोनों व्यय करने पड़ते हैं। इससे न केवल जनता में असंतोष उत्पन्न होता, बल्कि शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन भी बाधित होता है। नगीना को जनपद बनाए जाने से इस सम्पूर्ण क्षेत्र को एक अलग और समर्पित बजट प्राप्त होगा। जो इसके सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। क्षेत्र की जर्जर सड़कों निर्माण और चौड़ीकरण होगा। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण होगा। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण संस्थाओं की स्थापना होगी। साथ ही आधुनिक स्वास्थ सेवाओं की उपलब्धता के साथ–साथ जिला अस्पताल की स्थापना होगी। धामपुर, नजीबाबाद जैसे क्षेत्रों के उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा।

### गोलीकांड में पत्नी ने दी नामजद तहरीर

**किरतपुर।** ग्राम भोजपुर खड़ंजा स्थित पाड़ली तिराहे पर हुए सनसनीखेज गोलीकांड में नया मोड़ आया है।

ग्राम रघड़पुरा निवासी तसल. ीमा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति मुजफ्फर कोर्ट में किसी मामले की पैरवी कर रहे थे। इसी पैरवी से नाराज होकर गांव के ही माजिद ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर इस जानलेवा हमले की साजिश रची। घटना उस समय हुई जब मुजफ्फर किरतपुर से अपने घर रघड़पुरा लौट रहे थे। पाडली तिराहे के पास घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन्हें देखते ही जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली मुजफ्फर के कंधे और छाती के पास हाथ में लगी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। फायरिंग की आवाज सुनकर मौके पर जुटे ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल मुजफ्फर को किरतपुर सरकारी अस्पताल भेजा जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस अब तसलीमा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर माजिद और उसके दो साथियों की तलाश में दबिश दे रही है।

जो.च.आकार पत्र–6–क

**न्यायालय चकबंदी अधिकारी, नगीना**

(नियम 26 (3))

**नोटिस :–** प्रधान बलदेव सिंह रामनगर गुसाई ग्राम सभा, परगना धामपुर, तह. नगीना, जिला बिजनौर

मो.नं.– 9012278371

(धारा 9–क (2) के अधीन)

पुस्तक.......... क्रम संख्या.....

वाद संख्या सन् 2026 ग्राम शाहनगर कुराली पक्ष धर्म सिंह बनाम ग्राम प्रधान पितृ नाम ग्राम सभा निवासी स्थान शाहनगर कुराली को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे सामने भूमि के सम्बंध में अधिकार और दायित्व, संयुक्त जोतो का विभाजन और गाटो, पेड़ों, कुओं तथा अन्य समुत्रतियों के मूल्य का अवधारण करने के लिए एक वाद रजिस्टर तैयार किया गया है। आपको एतदद्वारा आदेश दिया जाता है कि आप 24–04–2026 को चकबन्दी न्यायालय नगीना में 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या यथावत प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा उपस्थित हो। यदि आप उपस्थित न होंगे, तो विवाद आपकी अनुपस्थिति में निर्णित कर दिया जायेगा।

नियत दिनांक: 24–04–2026

**चकबन्दी अधिकारी**

**सहायक चकबन्दी अधिकारी**

**मण्डल (सर्किल).....**

### हादसे में महिला समेत तीन घायल

**नगीना।** सत्तारवाला मार्ग पर आज दोपहर ग्राम हैजरपुर के पास दो बाइकों की आमने–सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में मगन देवी (57) और कंचन (46) गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दूसरी बाइक पर सवार युवक भी घायल हुआ है, जो मौके पर बाइक छोड़कर कहीं और उपचार कराने चला गया। पुलिस ने दोनों वाहन कब्जे में ले लिए हैं। फिलहाल किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है।

### मंडावर में अफसर गिरफ्तार

**बिजनौर।** मंडावर के मौहल्ला फराशटोली निवासी शमशीद पुत्र अब्दुल हमीद ने थाने में तहरीर दी थी कि मौहल्ला बाजार कला निवासी अफसर उर्फ भूरा पुत्र मौहम्मद यामीन ने उसकी दुकान के गल्ले से 19 अप्रैल को छह हजार रुपए चोरी कर लिए थे। पुलिस ने अफसर को गिरफ्तार कर नकदी बरामद कर ली है।

# नगर पालिका में जनगणना प्रशिक्षण शुरू




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर पालिका परिषद कार्यालय सभागार में भारत की जनगणना–2027 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। जिला जनगणना के जिला प्रभारी जेपी यादव और पालिका की अधिशासी अधिकारी मुक्ता सिंह ने फीता काटकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के लिए आयोजित किया जा रहा है। यह जनगणना के पहले चरण का हिस्सा है, जिसमें प्रगणक और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर ट्रेनर अमरेंद्र और राधेश्याम ने जनगणना प्रक्रिया का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को पहले चरण में होने वाले सूचीकरण और मकानों की गणना से संबंधित पूरी जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक एवं सहायक जनगणना अधिकारी विपिन चौहान, इनाम अली और पवन कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षक और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सिविल लाइंस पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1312 ग्राम चरस के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए सिविल लाइंस थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 1312 ग्राम अवैध चरस के साथ एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत की गई।जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस के निकट पर्यवेक्षण में 19 अप्रैल 2026 को थाना सिविल लाइंस पुलिस टीम ने अगवानपुर फ्लाईओवर के नीचे कच्चे रास्ते से आरोपी रवि (46 वर्ष) पुत्र सरन सिंह निवासी आदर्श कॉलोनी, फकीरपुरा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1312 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। इस संबंध में थाना सिविल लाइंस में मुकदमा अपराध संख्या 237/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू




कर दी गई है।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि अधिक मुनाफे के लालच में वह चोरी-छिपे चरस की खरीद-फरोख्त करता था। उसने अपनी गलती मानते हुए भविष्य में ऐसे कार्य न करने की बात कही।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी रवि का आपराधिक इतिहास भी लंबा है। उसके खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं, जिससे उसकी आपराधिक प्रवृत्ति स्पष्ट होती है।इस कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना के नेतृत्व में पुलिस टीमख्रउपनिरीक्षक कुलदीप कुमार, उपनिरीक्षक अनुज कुमार, हेड कांस्टेबल जोनी, हेड कांस्टेबल उदय प्रताप और कांस्टेबल राजेश कुमार ने अंजाम दिया।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, वहीं स्थानीय लोगों ने इस कदम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास जताया है।

# सिविल लाइन थाने के पास बड़ा हादसा टला, अनियंत्रित ऑटो नाले में गिरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब थाने से चंद कदमों की दूरी पर एक ऑटो अनियंत्रित होकर गहरे नाले में जा गिरा। घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, हालांकि गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑटो चालक सड़क पर दूसरी दिशा से आ रहे एक वाहन को बचाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान ऑटो का संत. ुलन बिगड़ गया और वह सीधे सड़क किनारे बने गहरे नाले में जा समाया।

घटना के समय ऑटो में कोई सवारी मौजूद नहीं थी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। चालक को भी इस दुर्घटना में कोई गंभीर चोट नहीं आई।हादसे की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बिना देर किए एक क्रेन को बुलवाया।

काफी मशक्कत के बाद ऑटो को सुरक्षित रूप से नाले से बाहर निकाल लिया गया।स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां सड़क के किनारे सुरक्षा इंतजाम पर्याप्त नहीं हैं, जिसके कारण पहले भी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र में उचित सुरक्षा व्यवस्था, जैसे बैरिकेडिंग या रेलिंग, लगाई जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।फिलहाल पुलिस ने चालक को सुरक्षित बाहर निकाल. कर स्थिति को सामान्य कर दिया है। समय रहते कार्रवाई होने से एक बड़ी अनहोनी टल गई।

## एक नजर

### अलग-अलग घटनाओं में मारपीट कर रहे तीन का पुलिस ने किया शांति भंग में चालान



**कांठ( शाह टाइम्स )** अलग-अलग घटनाओं में मारपीट कर रहे तीन का पुलिस ने शांति भंग में चालान किया है इंतजार पुत्र इस्तकार और इमरान पुत्र इंतजार निवासी जुम्मे का बाजार कस्बा उमरी कला आपस में झगड़ा कर रहे थे जिन्हें पुलिस ने शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया दूसरे मामले में उमरी चौराहा स्थित विराट होटल के पास हरीश पुत्र नरेश निवासी रायपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर द्वारा मारपीट करके शांति भंग की जा रही थी पुलिस ने इसे भी गिरफ्तार कर लिया और तीनों को एसडीएम कोर्ट में पेश किया है।

### गुमशुदा युवक वापस लौटा, तो घर में छाई खुशियां

**कांठ( शाह टाइम्स )** गुमशुदा युवक के सकुशल वापस लौटने पर घर में खुशी छा गई नगर के मोहल्ला घोसीपुरा निवासी कैलाश का पुत्र मयंक 18 अप्रैल को सुबह डीएसएम इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की फीस जमा करने के लिए कह कर गया था लेकिन वह शाम तक भी घर नहीं लौटा तो परिजनों को परेशानी होने लगी उन्होंने संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की लेकिन कहीं पर पता नहीं चला आखिर में पिता अनहोनी की आशंका के चलते गुमशुदी दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचा जहां पर पुलिस ने गुमशुदी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। लेकिन आज गुमशुदा मयंक अचानक घर वापस लौट आया युवक के वापस आने पर घर में खुशियां छा गई।

### भारतीय किसान यूनियन ने दिया प्रशासन को एक सप्ताह का समय, बाद में होगा आंदोलन



**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन टिकैट के नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह के निर्देशन में आज भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधि मंडल तहसील जाकर एसडीएम संत दास पवार से मिला और उन्होंने त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान अपनी पुरानी समस्याएं रखी। जिसमें मोहल्ला पट्टी वाला से निकलने वाले नगर के पानी की व्यवस्था बिजली समय अनुसार दिए जाने मिट्टी परीक्षण केंद्र की स्थापना होने गन्ने की फसल को रिजेक्ट में ना डाले जाने आदि मुद्दों को उठाया उन्होंने साफ कहा कि एक सप्ताह के भीतर इन मुद्दों पर अमल नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन अब आंदोलन करने को मजबूर होगी। इस मौके पर चौधरी ऋषिपाल सिंह अंगद चौधरी हरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### जनगणना के लिए सोमवार को दूसरे बैच के प्रगणको का प्रशिक्षण शुरू

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सरकार के निर्देश पर 22 मई से शुरू हो रही जनगणना के लिए सोमवार को दूसरे बैच के प्रगणकों को प्रशिक्षण नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के हाल में शुरू हुआ । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता( शिक्षा शास्त्र ) प्रवेश कुमार ने बताया कि जनगणना कार्मिकों को प्रथम चरण मकान सूचीकरण एव मकान गणना करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जनगणना कार्मिको को आंवटित एच० एल०बी० का लेआउट मैप तैयार करने एव भवन तथा मकान गणन करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है सभी जनगणना कार्मिको को हेलो ऐप के माध्यम से गणना के लिए हैन्डस ऑन प्रेक्टिस कराई जा रही है। जिससे कार्य को पूर्ण गुणवत्ता से किया जा सकेस प्रशिक्षण में उदयवीर सिंह, वंदना बिश्नोई, बदर जहां, विजेंद्र बिश्नोई, रूम सलीम, मोनिका बिश्नोई, शबनम परवीन, रितु बिश्नोई आदि ने प्रतिभाग किया स प्रशिक्षण का समापन 22 अप्रैल को होगास यहां जनगणना का प्रशिक्षण 29 अप्रैल तक चलेगा और उसमें कांठ क्षेत्र में लगाए गए 86 जनगणना सुपरवाइजरों और 512 प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### करंट की चपेट में आकर युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**कुंदरकी।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम हरियाना में रविवार रात एक हादसे में 30 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना से परिजनों में



शोक की लहर दौड़ गई और कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी बिक्की चंद्रा पुत्र सत्यप्रकाश चंद्रा अपने घर में ही परचून की दुकान चलाते थे। रविवार रात वह किसी दावत से घर लौटे थे। बताया गया करीब 10:30 बजे के आसपास वह दुकान में रखे इलेक्ट्रॉनिक कांटे को बंद कर रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गए। बताया गया करंट लगने के दौरान बिक्की जमीन पर गिर गया बताया जा रहा है कि बिक्की चंद्रा परचून की दुकान संभालने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहे थे। वह 6 भाई-बहनों में सबसे बड़े थे। वहीं सोमवार सुबह नम आंखों के साथ ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

# टीएमयू में अक्षय तृतीया पर भगवान आदिनाथ की विशेष पूजा-अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अक्षय तृतीया पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के जिनालय से लेकर हरियाना के जैन मंदिर तक आस्था की बयार बही। धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ जिनालय में शांतिधारा अभिषेक से हुआ, जिसमें जीवीसी श्री मनीष जैन को भगवान 1008 श्री आदिनाथ का अभिषेक और शांतिधारा का सौभाग्य मिला। जिनालय में जगमग जगमग आरती कीजै आदिनाथ भगवान की...आदिनाथ भगवान की आरती हुई। दूसरी ओर प्रशासनिक भवन में चांसलर श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन के ऑफिस में वास्तु





विधान और हवन हुआ। इस सुअवसर पर फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन, श्रीमती जहान्वी जैन, सुश्री नंदिनी जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। ये सभी अनुष्ठान शिखर जी आए पंडित ऋषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में विधि-विधान से हुए। शाम को कैंपस से दो बसें कुदंरकी के गांव हरियाना के जिनालय को रवाना हुईं। जहां पर 48 दीपों से भक्ताबंर दीप विधान हुआ। भक्तांबर दीप विधान में टीएमयू परिवार के सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं की मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है, अक्षय तृतीया पर भगवान श्री 1008 आदिनाथ जी को हस्तिनापुर में इक्षु रस का प्रथम आहार हुआ था। यह आहार राजा श्रेयांस ने कराया था। टीएमयू में भी श्रावक-श्राविकाओं के लिए इक्षु रस का वितरण किया गया। यह दिवस दान और पुण्य के लिए विशेष महत्व रखता है। कहा जाता है, अक्षय तृतीया पर किया दान अक्षय फल प्रदान करता है। अक्षय तृतीया पर हुई विशेष पूजा-अर्चना में डॉ. कल्पना जैन, डॉ. रवि जैन, डॉ. अर्चना जैन, प्रो. विपिन जैन, श्रीमती अहिंसा जैन, श्री आदित्य जैन, धार्मिक जैन, प्रयास जैन, सर्वज्ञ जैन, सौम्य दोशी, मोहित जैन, रिदम जैन, प्रभास जैन, आराध्य जैन आदि की भी उपस्थिति रही।

# व्यापारियों संग बैठक में कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह बोले हर समस्या का होगा समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने नगर के व्यापार मंडल पदाधिकारियों एवं स्थानीय व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं को सुनना तथा नगर में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाना रहा। बैठक के दौरान कोतवाली प्रभारी ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि व्यापारियों की हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। उदय प्रताप सिंह ने सभी व्यापारियों से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। साथ ही उन्होंने दुकानदारों को अपने



प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को नियमित रूप से संचा. लित एवं चेक कराने की सलाह दी, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नगर में बाहरी व्यक्तियों द्वारा सामान बिक्री की स्थिति में उनकी पूरी जानकारी अवश्य ली जाए। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गति. विधि पाए जाने पर तत्काल पुलिस को सूचित किया जाए। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, अमन शर्मा, नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, डॉ. मासूम, चिराग अग्रवाल, सभासद दिनेश कुमार, सुरेंद्र चुग, नीरज रोहिल्ला, विनीता रस्तोगी, सनातन धर्म ट्रस्ट अध्यक्ष पंकज सिंह, रमाकांत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। इस दौरान व्यापारियों ने नगर में सामान्य व्यवस्थाओं को संतोष जनक बताया, हालांकि ई-रिक्शा संचालन के कारण समय-समय पर जाम की समस्या उठाई। इस पर कोतवाली प्रभारी ने आश्वासन दिया कि यातायात व्यवस्था को सुधारने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक के अंत में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन ने कोतवाली प्रभारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाना एक सकारात्मक पहल है।

## साईं धाम में प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत हुआ हवन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में नगलिया रोड पर साईं धाम में रविवार को विशेष पूजा अर्चना शुरू हुई। सोमवार को बाबा का पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके उपरांत प्राण प्रतिष्ठा कर विशेष हवन किया। बाबा से क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। मुरादाबाद से आए पंडित गजेंद्र प्रसाद गौड़, मनोज शर्मा, राधे मोहन शर्मा ने अनुष्ठान कराया। मुख्य यजमान के रूप में कांता प्रसाद शर्मा सपत्नी, श्यामलाल शर्मा, आशुतोष शर्मा आदि शामिल रहे।

# कब्रिस्तान में आग लगने से बाल बाल-बचा बिजली का ट्रांसफार्मर

**कांठ( शाह टाइम्स )।** कब्रिस्तान में अचानक लगी आग की चपेट में आकर वहां रखा बिजली का ट्रांसफार्मर बाल बाल बच गया लोगों ने आग पर काबू पाकर नुकसान को बचा लिया। बतादे की सोमवार का दिन काफी गर्म था और तेज हवाएं चल रही थी तभी अचानक कब्रिस्तान में ट्रांसफार्मर के पास झाड़ियां में आग लग गई चंद मिनटो में ही आग ने विकराल रूप ले लिया जिसकी चपेट में कब्रिस्तान में रखा बिजली का ट्रांसफार्मर आ गया।

लोगों ने बिजली विभाग को फोन करके सप्लाई बंद कराई और खुद ही आग बुझाने में जुट गए



कुछ देर बाद ही लोगों ने आग पर काबू पा लिया जिसस` ट्रांसफार्मर भी फुकने से बच गया और बाद में बिजली भी चालू हो गई। कुल मिलाकर आसपास के लोगों की सजगता से कोई बड़ा नुकसान नहीं हो पाया। लोगों ने इस बात के लिए ऊपर वाले का धन्यवाद भी अदा किया है।

# वैश्य सभा के चौथी बार अध्यक्ष बने मोहित माहेश्वरी

**कांठ( शाह टाइम्स )।** वैश्व सभा के वार्षिक चुनाव में 50 वर्षों में पहली बार मतदान हुआ जिसमे चौथी बार वर्तमान अध्यक्ष मोहित को विजयी घोषित किया गया स अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने बताया कि नागरिकों की सेवा के लिए वैश्य धर्मशाला का विकास कराना उनका लक्ष्य रहा है। मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में रविवार की देर रात साधारण सभा की बैठक में आगामी वर्ष के लिए चुनाव पर विचार किया गयास मुकेश माहेश्वरी,महेश चंद गुप्ता आदि ने सर्वसम्मति से चुनाव कराने की अपील की स पीठासीन अधिकारी मुकेश माहेश्वरी की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई स अध्यक्ष पद के लिए मोहित माहेश्वरी, संजीव गुप्ता, संदीप मणि गुप्ता के नाम सामने आए बाद में संदीप मणि गुप्ता ने अपना नाम वापस ले लिया स अध्यक्ष पद के लिए मतदान कराया गया



जिसमें मोहित माहेश्वरी को 45 संजीव गुप्ता को 18 वोट मिले। मोहित माहेष्वरी 27 मतों से संजीव गुप्ता को पराजित करके चौथी बार अध्यक्ष घोषित किए गए। इसके बाद सर्वसम्मति से 16 सदस्य कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें मोहित माहेश्व. री (प्रधान), ऋषि गुप्ता (उपप्रधान),अरुण मित्तल (मंत्री), अजय माहेश्वरी (उपमंत्री),राहुल लोहिया (कोषाध्यक्ष), अंकित बंसल( भंडारी),मुकेश गुप्ता ( निरीक्षक,)मुकेश माहेश्वरी ( उप निरीक्षक ),सुनील अग्रवाल (प्रबंधक), एवं सदस्य कार्यकारिणी के रूप में सजीव गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, सन्दीप मणी गुप्ता, शैलेष गुप्ता, सौरभ अग्रवाल (मोनी), सुशील मणि गुप्ता, अवधेश चंद माहेश्वरी,दिव्याश अग्रवाल को चुना गया स नवनिर्वाचित अध्यक्ष को महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद गुप्ता, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, बिश्नोई वैश्य सभा के अध्यक्ष अनिल बिश्नोई, तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव एडवोकेट दीपक बिश्नोई, नगर के प्रमुख सर्राफा व्यापारी आलोक वर्मा, समाजसेवी सुबोध चौधरी, किराना व्यापारी राकेश माहेश्वरी आदि लोगों ने बधाई दी है।

**न्यायालय माननीय सिविल जज ( सी0 डि0 ) महोदय, मुरादाबाद।**
**विविध वाद संख्या**- 50/2023
**तारीख पेशी:** 07.05.2026
**कुँवर रविन्द्र सिंह बनाम श्रीमती सत्यवती आदि।**

**बनाम**-1. श्रीमती प्रभा सिंह पत्नी डा० लोकेन्द्र पाल सिंह, 2. श्रीमती मधुलिका सिह पत्नी डॉ० राजेन्द्रपाल सिंह, 3. श्रीमती मुक्ता मणि सिंह पत्नी श्री रणधीर सिंह रेणु एडवोकेट, 4. श्रीमती संगीता सिंह पत्नी श्री अनिल सिंह, 5. श्रीमती संदीपा सिंह पत्नी श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह, 6. कुँवर नरेन्द्र सिंह सिंह, 7. कुँवर शैलेन्द्र सिंह पुत्रगण स्वर्गीय श्री महेंद्र सिंह समस्त निवासीगण पूर्व ग्राम हरथला मुस्तेकम निकट दैनिक जागरण कार्यालय कांठ रोड नगर व जिला मुरादाबाद, द्वारा अपने मुख्तारे आम श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री गंगाबल सिंह वर्तमान निवासी फ्लैट नं0 200 अरूण विहार सेक्टर-28 नोयडा जिला गौतमबुद्ध नगर (उ0 प्र0), 8. रवीन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री गंगाबल सिंह पूर्व निवासी (पूर्व ग्राम हरथला मुस्तेहकम) निकट दैनिक जागरण कार्यालय कॉठ रोड, नगर व जिला मुरादाबाद वर्तमान निवासी फ्लैट नं0 200 अरूण विहार सेक्टर-28 नोयडा जिला गौतमबुद्ध नगर (उ0 प्र0)। चूँकि उपरिनामांकित प्रार्थी/वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतवद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 2026 के माह 05 के दिवस 07 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रुपये अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा ऊपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रुप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 माह 04 दिवस 10 को निकाली गई।

**अहलमद**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी डि. ) मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र विवेक कुमार पुत्र अशोक कुमार को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में विवेक कुमार के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**अशोक कुमार पुत्र स्वर्गीय लालमन निवासी भदौरा पुराना मंदिर वाली गली, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मोहम्मद उर्फ लकी व पुत्रवधू श्रीमती फात्मा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**अहमद नबी पुत्र मुमताज व श्रीमती हुस्न आरा पत्नी अहमद नबी निवासीगण ग्राम बुध बाजार रतनपुर कलां थाना पाकबडा, जिला मुरादाबाद।**

# मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायती राज योजनाओं की समीक्षा की

## 30 अप्रैल तक अंत्येष्टि स्थल व पंचायत भवन पूरे करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी द्वारा पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में प्राप्त धनराशि का नियमानुसार भुगतान कराते हुए व्यय प्रतिशत बढ़ाया जाए, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद को ए रैंक मिल सके। अंत्येष्टि स्थल तथा बहुउद्देशीय पंचायत भवन के अवशेष निर्माण कार्य 30 अप्रैल 2026 तक गुणवत्तापूर्ण पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। पंचायत सचिवालयों के संचालन की समीक्षा में पाया गया कि वर्तमान में 29 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक नहीं हैं। सीडीओ ने रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने को कहा। साथ ही पंचायत सहायक, सामुदायिक शौचालय व गौशाला के केयर टेकर का मानदेय प्रतिमाह 5 तारीख तक अनिवार्य रूप से भुगतान करने के निर्देश दिए।

मृतक जनप्रतिनिधियों के आश्रितों को पंचायत कल्याण कोष से मिलने वाली धनराशि के लंबित 11 आवेदनों का तत्काल नियमानुसार निस्तारण कराने को कहा गया। इनमें 5 आवेदनों पर निदेशालय पंचायती राज उत्तर प्रदेश द्वारा आपत्ति लगाई गई है और 6 नए आवेदन हैं। रिसोर्स रिकवरी सेंटर का शत-प्रतिशत संचालन कराने तथा ग्राम पंचायतों में अभियान चलाकर कूड़ा कलेक्शन व यूजर चार्ज संग्रह के निर्देश दिए गए।शौचालय व पुस्तकालय

व्यक्तिगत शौचालयों के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में लक्ष्य के सापेक्ष पात्र लाभार्थियों को चयनित कर लाभान्वित कराने को कहा गया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के अंतर्गत एसएनए स्पर्श पोर्टल से प्राप्त लिमिट के सापेक्ष धनराशि व्यय कराने के निर्देश दिए।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज द्वारा प्रतिभा खोज कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज की ओर से दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम "अभिव्यक्ति 4.0" का सोमवार को शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का उद्घाटन विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा अपनी प्रतिभा के दम पर आज विश्व के हर क्षेत्र में अपने आप को स्थापित कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के प्रतिकुल. पति-एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति-रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी. के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रतिभाखोज कार्यक्रम प्रतिवर्ष मनाया जाता है। उसमें विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के



छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करते हैं। इसी क्रम में इस वर्ष "अभिव्यक्ति 4.0" का आयोजन छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि किस्मत, प्रतिभा और मेहनत के मिश्रण से ही बड़ी सफलता मिलती है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने महाकाव्य रामायण के दृष्टांत के द्वारा छात्रों को समझाया कि हमें अपनी अभिव्यक्ति को अवश्य बाहर लाना चाहिए। स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने कहा कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिसमें छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलता है। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी अपना सर्वोच्च प्रदर्शन देने की कोशिश करें।

उन्होंने अपनी सिंगिंग से भी समां बांध दिया। अभिव्यक्ति 4.0 के माध्यम के विद्यार्थियों ने नच ले, नच ले, नच ले मेरे यार, ये काली काली आँखें, रंगीलो मारो ढोलना, शिव शिव शंकर के नृत्य और नीले नीले अम्बर पर चांद जब आए, बाहों में चले आओ हमसे सनम क्या पर्दा.... के मधुर गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने बेहतरीन कविताओं और मिमिक्री की प्रस्तुति भी दी।

कार्यक्रम की संचालिका व संयोजिका डॉ. तृप्ति पांडे ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे डांसिंग, सिंगिंग, स्टैंड अप कॉमेडी, मेहंदी, नृत्य कला, पेंटिंग, हेयर स्टाइल, फैशन शो, मिमिक्री आदि आयोजित की जा रही हैं। जो कि मंगलवार तक चलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## एक नजर

### जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर ने जरूरतमंद बेटी के विवाह में किया सहयोग




**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चन्दौसी द्वारा एक जरूरतमंद बेटी के विवाह में सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्रुप की सभी सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सामूहिक रूप से आर्थिक एवं सामग्री सहयोग किया। ग्रुप की ओर से चांदी के आभूषणों के साथ-साथ दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं भेंट की गईं, जिससे विवाह कार्य में परिवार को काफी सहायता मिली। इस पहल को समाज सेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जीवन धारा चन्दौसी ग्रुप की अध्यक्ष सुजाता शर्मा, सचिव नूतन अग्रवाल एवं ग्रुप डायरेक्टर शिखा शर्मा भी उपस्थित रहीं। सभी ने इस कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सहयोग जारी रखने का संकल्प लिया।

### बगियावाला कॉलोनी में महिला से मारपीट, मोबाइल छीनने का आरोप, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** कस्बे के मोहल्ला बगियावाला कॉलोनी निवासी महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गाली-गलौज एवं मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में महिला ने बताया कि 18 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे मामूली कहासुनी को लेकर सलमान, नसीम और नसीम की पत्नी गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर तीनों ने लात-घूसों से पीटकर उसे घायल कर दिया। महिला का आरोप है कि सलमान ने उसका मोबाइल भी छीन लिया और जान से मारने की धमकी दी।घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### रूस्तमपुर तिगरी में कार रोककर दबंगों ने किया हमला, लाठी-डंडों से तोड़ी गाड़ी, बच्चों को भी आईं चोटें

**भोजपुर।** इलाके के गांव रूस्तमपुर तिगरी में दबंगों ने कार को रो. ककर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार बच्चों को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में ग्रामीण फरीद ने बताया कि 18 अप्रैल को लगभग 11:30 बजे वह अपनी कार से अपने बच्चों के साथ दावत से वापस लौट रहा था। तभी गांव के ही आलिम, तौसीफ उर्फ लुलली, नदीम, तौफीक शाह और तीन-चार अज्ञात लोगों ने कार देखते ही लाठी-डंडों से हमला कर दिया।हमलावरों ने कार के शीशे व बॉडी तोड़ दी। इस दौरान कार में बैठे बच्चों को भी चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि दबंगों ने जान से मारने की धमकी भी दी। फरीद ने बताया कि पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार नामजद और तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। केस की विवेचना उपनिरीक्षक माही अब्बास कर रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरो. पियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर कई अहम निर्देश दिए गए।स्कूली बच्चों के वाहन चलाने पर सख्ती बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा एक से 12 तक के बच्चों द्वारा बिना ड्राइविंग लाइसेंस स्कूटी से विद्यालय जाने और यातायात नियमों का पालन न करने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि छोटी उम्र के बच्चों द्वारा स्कूटी से विद्यालय जाने की परंपरा को प्रतिबंधित किया जाए। इसके लिए अभियान चलाकर विद्यालय प्रबंधकों की जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों को यातायात नियमों के गंभीरतापूर्वक अनुपालन के लिए गाइडलाइन जारी की जाए। एआरटीओ आनंद निर्मल ने बताया कि 779 स्कूली वाहनों के सापेक्ष 669 का सेफ्टी ऑडिट पूर्ण कर लिया गया है। जिन वाहनों में कमियां पाई गई हैं, उनके स्कूल प्रबंधन को सुधार के निर्देश दिए गए हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि नवीनीकरण आरटीओ कार्यालय से होता है, ऐसे में कमियां मिलना दर्शाता है कि प्रक्रिया के दौरान मानकों का गंभीर सत्यापन नहीं हो रहा। उन्होंने नवीनीकरण को पारदर्शी बनाने और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी को सड़कों को गंदगी मुक्त रखने और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। नेशनल हाईवे पर साइड पट्टी क्लियर करने और बारिश में जलभराव की समस्या का समाधान कराने को कहा। अगवानपुर पुल क्षतिग्रस्त होने पर एमडीए को वहां स्थापित विद्युत पोल ठीक कराकर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। संभल मार्ग पर भी दृश्यता के लिए प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। नेशनल हाईवे पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट की मरम्मत के लिए पुलिस, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई और मजिस्ट्रेट की संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। हनुमान मूर्ति चौराहे पर रिमॉडलिंग में बाधा बन रहे 33 केवी व 11 केवी के विद्युत पोल व केबल तुरंत शिफ्ट करने को कहा। चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाकर आमजन को संकट में डालने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पीएमजीएसवाई के अंतर्गत बनी सड़कों के सेफ्टी ऑडिट पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को रंबल स्ट्रिप मानकों के अनुरूप लगाने, चेतावनी संकेतक व अच्छी गुणवत्ता का थर्मोप्लास्ट पेंट लगाने के निर्देश दिए गए।बैठक में एडीएम सिटी सुश्री ज्योति सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात श्री सुभाष चंद्र गंगवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# भगवान परशुराम जयंती पर कलाकारों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** अखिल भारतीय ब्राह्मण मंच बिलारी द्वारा गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जी का जन्म उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। शोभायात्रा के मंदिर पोड़ाखेड़ा पर पहुंचने पर कलाकारों को सम्मानित किया गया। बिलारी नगर में शोभायात्रा गमादेवत से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होती हुई मंदिर पोड़ाखेड़ा पर पहुंचकरजनसभा में परिवर्तित हो गई। शोभा यात्रा में भाग लेने वाले झांकियां में कलाकारों को और पुलिस प्रशासन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण मंच बिलारी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित रामनिवास शर्मा द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा संचालन अभिलाष गौड़ युवा ब्राह्मण सभा नेता ने की। इस मौके पर आशीष शंकर पांडे सभासद, राजीव कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद जनपद मुरादाबाद, भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, उदयराज सिंह आदि ने पुरस्कार वितरण में सहयोग किया। बाद में अतिथियों को भोजन व्यवस्था प्रसाद रूप ग्रहण कराया गया।

## सेवायोजन कार्यालय परिसर में 22 अप्रैल को लगेगा एक दिवसीय रोजगार मेला

**मुरादाबाद।** बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मुरादाबाद के परिसर में 22 अप्रैल 2026 को प्रात: 10:30 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सहायक निदेशक सेवायोजन श्री रत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि इस मेले में निजी क्षेत्र की नियोजक कंपनी डिजाइनकों, दिल्ली रोड मुरादाबाद द्वारा टेक्निकल एवं नॉन-टेक्निकल पदों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। योग्य अभ्यर्थियों का मौके पर ही चयन किया जाएगा।पंजीयन अनिवार्य उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थी का पंजीयन अनिवार्य रूप से होना चाहिए। जिन अभ्यर्थियों का पंजीयन नहीं है, वे पोर्टल पर जाकर पहले पंजीयन करा लें। रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपना सम्पूर्ण बायोडाटा दो प्रतियों में हस्तलिखित अथवा टंकित लाना होगा। इसके साथ समस्त शैक्षिक व अन्य मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति दो सेट में और दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ लानी होगी। जिले के युवाओं से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/IV द्वारा निम्नलिखित ई-टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये, जायेगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 05-DRM-MB-26-27 Date:- 10.04.2026 | 06-DRM-MB-26-27 Date:- 10.04.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Cess repair work in the section of SSE/W/CPS under the jurisdiction of ADEN/GJL. | Cess repair work at various location between AWP-NBD & NBD-KTW in the section of SSE/W/NBD under the jurisdiction of ADEN/NBD. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 14.05.2026 | 14.05.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 79,75,306.36 | 1,36,03,039.44 |
| धरोहर राशि | 1,59,500.00 | 2,72,100.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 08 माह |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 30.04.2026 | 30.04.2026 |

टेन्डर नं- Sr.DEN-IV/Publication/25-26

दिनांक : 20.04.2026 1311/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'आर्ट ऑफ टेक्निकल पेपर राइटिंग' विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इना. वेशन काउंसिल (आईआईसी), स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एवं रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी विभाग में "आर्ट ऑफ टेक्निकल पेपर राइटिंग" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के डीन रिसर्च, डॉ. सुशील कुमार ने शोधार्थियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों को तकनीकी शोध-पत्र लेखन की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने शोध-पत्र की संरचना, प्रभावी शीर्षक एवं सार लेखन, साहित्य समीक्षा की प्रस्तुति, परिणामों के वैज्ञानिक विश्लेषण, संदर्भ शैली तथा उच्च गुणवत्ता की पत्रिकाओं में प्रकाशन हेतु आवश्यक मानकों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। डॉ. कुमार ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण तकनीकी लेखन न केवल शोध के प्रभाव को बढ़ाता है, बल्कि शोधकर्ता की अकादमिक पहचान को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्लेगरिज्म से



बचाव, उपयुक्त जर्नल चयन, तथा प्रकाशन नैतिकता के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. तन्जील अहमद ने की। आईआईसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निद. शक डॉ. मनोज कुमार ने प्रतिभागियों को शोध लेखन में निरंतर अभ्यास और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. स्वप्न कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यशाला में लगभग 60 की संख्या में शोधार्थियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की और विषय से संबंधित अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। कार्यशाला की आयोजन सचिव मिस. कंचन लखेरा व डॉ. उत्कर्ष त्यागी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यशाला के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई-टेंडर निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या/दिनांक | 01-DRM-MB-26-27 Date: 20.04.2026 | 02-DRM-MB-26-27 Date: 20.04.2026 | 07-DRM-MB-26-27 Date: 20.04.2026 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Improvement to various staff amenities in Staff Quarters at Bareilly. | Improvement/Upgradation of L-Xing Road surface by providing Rubberized Surface at Various LCs TVU between 50,000 to 1 Lakh in the jurisdiction of Sr. DEN/III/MB | Construction/Improvement of Colony drains Dhakataal, DTTC at SPN & Bilpur Colony under ADEN/SPN |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 14.05.2026 at 16:00 hrs. | 14.05.2026 at 16:00 hrs. | 14.05.2026 at 16:00 hrs. |
| अनुमानित लागत(र) | ₹3,52,11,153.54 | ₹2,24,36,731.42 | ₹1,95,58,593.94 |
| धरोहर राशि(र) | ₹7,04,200/- | ₹4,48,700/- | ₹3,91,200/- |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 30.04.2026 | 30.04.2026 | 30.04.2026 |
| ऑफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 10 Months | 08 Months | 08 Months |

पत्रांक: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 20.04.2026 1312/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय ग्राम पंचायत राना नगला**
**विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक मीमो/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/ग्रा.पं./निविदा/2026-27 दिनांक:20.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत राना नगला विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 27.04.2026 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 27.04.2026 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड़ से सुनील के घर तक मिट्टी भराव एवं सीसी टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 181910/- | 3638/- | 200/- | 3 माह |
| 2 | प्राईमरी स्कूल से विकास के घर तक मिट्टी भराव एवं सीसी टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 366223/- | 7325/- | 200/- | 3 माह |

शर्तें-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत राना नगला**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकुल रंजन दीक्षित द्वारा संस्था मुक्तेश्वर महादेव मंदिर धर्मशाला समिति, मौहल्ला मुक्तेश्वर तह० नजीबाबाद, जिला बिजनौर का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. मुकुल रंजन दीक्षित अध्यक्ष, 2. मनीष वर्मा उपाध्यक्ष, 3. नीरज अग्रवाल-उपाध्यक्ष, 4. अंशुल मेहरा- प्रबन्धक, 5. पंकज अग्रवाल मंत्री, 6. वैभव अग्रवाल उपमंत्री, 7. अर्पित मेहरा- उपमंत्री, 8. नितिन मोहन सरीन-कोषाध्यक्ष, 9. अनूप मेहता-भंडारी, 10. निखिल अग्रवाल- कानूनी सलाहाकार, 11. मुकुल कुमार शर्मा- निरिक्षक, 12. अश्वनी सरीन, 13. संजीव कुमार चौहान सदस्य दर्शाये गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा, और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबन्धक।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं.74-W/2/3/WA/Publication दिनांक 18.04.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 13-DRM-MB-26-27 Dt. 17.04.2026 | 14-DRM-MB-26-27 Dt. 17.04.2026 | 15-DRM-MB-26-27 Dt. 17.04.2026 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Divyangjan facilities (like ramps, hand rails, parking spaces, etc) at various stations under SSE/W/HW under ADEN/HW | Divyangjan facilities (like ramps, hand rails, parking spaces, etc) at Doiwala and Dehradun stations under SSE/W/DDN under ADEN HW | Divyangjan facilities (like ramps, hand rails, parking spaces, etc) at various stations under ADEN/RK |
| निविदा का प्रकार | Works | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत | 1,87,04,354.65 | 48,84,968.60 | 1,87,04,286.77 |
| धरोहर राशि | 3,74,100.00 | 97,700.00 | 3,74,100.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 14.05.2026 16:00 | 14.05.2026 16:00 | 14.05.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 30.04.2026 | 30.04.2026 | 30.04.2026 |
| ऑफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months | 06 Months |

1292/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

